संख्या-51/2019/3908/60-2-19-2/3(2)/18

प्रेषक,

शिवराज कुमार यादव,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,

उ0प्र0, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 05 नवम्बर, 2019

विषय- अनुदान संख्या-49 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए आधार नामांकन किट जेम पोर्टल से क्रय किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-876/बा0वि0परि0/आधार/2019-20, दिनांक 24 अक्टूबर, 2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश की कुल 897 बाल विकास परियोजनाओं हेतु अनुदान संख्या-49 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रति परियोजना 02 आधार नामांकन किट (One Desktop Computer based client & one Tablet based client (for children) alongwith scanner, printer, slap fingerprint sacnner, Iris scanner and GPS device for each client) का क्रय भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार जेम पोर्टल के माध्यम से किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति एतद्द्वारा निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है :-

(1) आपूर्तिकर्ता द्वारा आधार नामांकन किट की आपूर्ति बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय पर निःशुल्क लोडिंग/अनलोडिंग सहित करायी जायेगी।

(2) बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय पर आधार नामांकन किट्स का इंस्टालेशन व डिमान्स्ट्रेशन आपूर्तिकर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। UIDAI के प्रतिनिधि द्वारा इसका प्रमाणीकरण किया जायेगा, तदुपरान्त ही निदेशालय द्वारा भुगतान किया जायेगा।

(3) आपूर्तित उपकरण के मेक/माडल UIDAI के मानक के अनुरूप होंगे, जिसका प्रमाणीकरण आपूर्तिकर्ता द्वारा UIDAI से कराया जायेगा।

(4) जो वस्तु/सेवा जेम पर उपलब्ध है, उसे जेम से ही क्रय करना अनिवार्य है।

3- उक्त प्रशासनिक स्वीकृति शासनादेश संख्या-49/2019/3152/60-2-18-2/3(2)/18, दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 द्वारा जारी वित्तीय स्वीकृति में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन होगी।

भवदीय,

(शिवराज कुमार यादव)

उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in